प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पन्त कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पन्तनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

एन.सी.सी. निदेशालय (उत्तराखण्ड), देहरादून के अपर महानिदेशक, मेजर जनरल अतुल रावत ए.वी.एस.एम.

पन्तनगर। 8 मई, 2024। विश्वविद्यालय में एन.सी.सी. निदेशालय (उत्तराखण्ड), देहरादून के अपर महानिदेशक मेजर जनरल अतुल रावत, ए.वी.एस.एम. एवं एन.सी.सी. ग्रुप मुख्यालय, रूड़की के ने विश्वविद्यालय के कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान से कुलपति निवास तराई भवन पर पूर्वाहन में मुलाकात की और वहां पर कुलपति द्वारा मेजर जनरल अतुल रावत एवं ब्रिगेडियर एस.एस. नेगी को प्रतीक चिन्ह भेंट किया गया। कृषि महाविद्यालय में 1 यूके एयर स्क्वैडन एन.सी.सी. के कैडेटो द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर से सम्मानित किया। इस अवसर पर कृषि महाविद्यालय के ऑडिटोरियम में 150 केडैट, जिसमें 75 कैडेट एयर स्क्वैडन एवं 75 कैडेट आर. एण्ड वी. के सम्मिलित थे। साथ में 4 ए.एन.ओ. (2 एयर एवं 2 आर. एण्ड वी.) दोनों वहिनी के पी. आई. स्टाफ एवं एन.सी.सी. ग्रुप मुख्यालय, रूड़की के ब्रिगेडियर एस.एस. नेगी, कमान अधिकारी 1 यूके आर एण्ड वी कर्नल शोमिर भटनागर एवं विग कमान्डर एन.एस. पंवार, अधिष्ठाता छात्र कल्याण डा. बृजेश सिंह आदि उपस्थित थे। अपर महानिदेशक ने केडैटो को वर्ष के कार्यकलापों के वारे में विस्तृत जानकारी दी और देश सेवा के बारे में बताया। उन्होंने आर्मी में अधिकारी एवं जवानों के बारे में भी जानकारी दी और उत्तराखण्ड के निदेशालय की वाहिनीयों के बारे में भी बताया।

1. कुलपति निवास तराई भवन पर अतिथियों को प्रतीक चिन्ह प्रदान करते कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान।

2. सभागार में कैडेटो को संबोधित करते अधिकारी।

निदेशक संचार